प्रेस-नोट

थाना रक्सा, जनपद झाँसी

दिनाँक-09.01.2025

- **थाना रक्सा एवं थाना बबीना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 24 घन्टे के अन्दर लूट की घटना का सफल अनावरण**
- **6 नफर अभियुक्तगण लूट की एक कार फोर्ड एसपायर व चोरी की एक मोटर साइकिल पैशन प्लस के साथ गिरफ्तार**

पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर श्री ज्ञानेद्र सिंह के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी/एएसपी सदर श्री आलोक कुमार (आईपीएस) के निकट पर्वेक्षण में कुम्भ मेला प्रयागराज व 26 जनवरी के उपलक्ष्य मे अपराध एवं अपराधियों पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.01.2025 को बेदौरा अमरपुर बार्डर पर पहुंज नदी के पुल पर थाना रक्सा एवं थाना बबीना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान थाना रक्सा पर पंजीकृत मु0अ0स0 02/2025 धारा 309(6) बीएनएस से सम्बन्धित एक कार फोर्ड एस्पायर न0 UP-93 BN-2756 व थाना नबावाद पर पंजीकृत मु0अ0स0 08/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित एक मोटरसाइकिल पैशन प्लस न0 UP-93 V-3076 गिरफ्तार किये गये 6 नफर अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षिप्त विवरण- दिनाँक 08.01.2025 को वादी/शिकायतकर्ता श्री बृजेन्द्र सिंह पुत्र श्री श्यामलाल, निवासी करौंदी माता मंदिर के पीछे शिवपुरी रोड थाना रक्सा जिला झाँसी ने थाना रक्सा पर उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सूचना दी कि दिनांक 07.01.2025 को गाडी फोर्ड एस्पायर न0 UP-93 BN-2756 को रात के समय 4 व्यक्तियों द्वारा रेलवे स्टेशन झाँसी से दिनारा जाने के लिये गाडी बुकिंग की थी। उक्त चारो व्यक्तियों ने डगरवाहा ग्राम के आगे राजापुर तिराहे से मुझसे कार को लूट लिया गया था। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना रक्सा में मु0अ0स0 02/2025 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना के सफल अनावरण एवं घटना से सम्बन्धित अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा सम्भावित स्थानों पर दविश दी जा रही थी। जिसके के क्रम मे आज दिनांक 08/09.01.2025 की रात्रि मे थाना रक्सा पुलिस व थाना बबीना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से बेदौरा अमरपुर बार्डर पर पहुंज नदी पुल पर अमरपुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर की जा रही चेंकिग के दौरान 4 नफर अभियुक्तगण 1. गौतम पुत्र ज्ञान सिंह अहिरवार निवासी ग्राम खजराहा बुजुर्ग थाना बबीना जिला झांसी उम्र करीब 20वर्ष 2. भारत उर्फ शिवम अहिरवार पुत्र विनोद अहिरवार निवासी ग्राम खजरा बुजुर्ग थाना बबीना जनपद झांसी उम्र 24वर्ष 3.विकास राजपूत पुत्र राम सेवक राजपूत निवासी ग्राम खजरा बुजुर्ग थाना बबीना जनपद झांसी उम्र 20वर्ष 4. शिवम उर्फ उदय गौतम पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम खजराहा बुजुर्ग थाना बबीना जनपद झाँसी उम्र करीब 22वर्ष से लूटी गयी कार न0 UP-93 BN-2756 को बरामद किया गया तथा रेलवे स्टेशन झाँसी से दिनांक 05.01.2025 को चोरी की गयी मोटरसाइकिल न0 UP 93V3076 को अभियुक्तगण 1.भगवत प्रजापति पुत्र बसन्त लाल प्रजापति निवासी आरा मशीन चूड़ी वाली गली थाना बबीना जनपद झांसी उम्र करीब 29वर्ष 2.मनीष अहिरवार पुत्र केदार उर्फ कृपाल सिंह निवासी ग्राम खजरहा बुजुर्ग थाना बबीना जनपद झांसी उम्र 19वर्ष से बरामद किया गया। उक्त मोटरसाइकिल के सम्बन्ध थाना

नबावाद मे मु0अ0सं0 08/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. राज गौतम पुत्र ज्ञान सिंह अहिरवार निवासी ग्राम खजराहा बुजुर्ग थाना बबीना जिला झांसी उम्र करीब 20 वर्ष ।
2. भारत उर्फ शिवम अहिरवार पुत्र विनोद अहिरवार निवासी मजरा दयानगर ग्राम खजरा बुजुर्ग थाना बबीना जनपद झांसी उम्र 24 वर्ष ।
3. विकास राजपूत पुत्र राम सेवक राजपूत निवासी मजरा दयानगर ग्राम खजरा बुजुर्ग थाना बबीना जनपद झांसी उम्र 20 वर्ष ।
4. शिवम उर्फ उदय गौतम पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम खजराहा बुजुर्ग थाना बबीना जनपद झाँसी उम्र करीब 22 वर्ष ।
5. भगवत प्रजापति पुत्र बसन्त लाल प्रजापति निवासी आरा मशीन चूड़ी वाली गली थाना बबीना जनपद झांसी उम्र करीब 29 वर्ष ।
6. मनीष अहिरवार पुत्र केदार उर्फ कृपाल सिंह निवासी ग्राम खजरहा बुजुर्ग थाना बबीना जनपद झांसी उम्र 19वर्ष ।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद कार फोर्ड एस्पायर न0 UP93BN2756 व एक अदद जेकेट वादी मुकदमा ।

2. एक अदद मोटरसाइकिल न0 UP 93 V 3076 (सम्बन्धित थाना नबावाद) ।

गिरफ्तार / सहयोग करने वाली टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष श्री परमेन्द्र कुमार सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी
2. थानाध्यक्ष श्री सुशील कुमार द्विवेदी थाना बबीना जनपद झाँसी
3. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार गिरी चौकी प्रभारी बीएचएल थाना बबीना जनपद झाँसी
4. उ0नि0 श्री कैलाश चन्द्र थाना बबीना जनपद झाँसी
5. उ0नि0 श्री नितीश कुमार थाना रक्सा जनपद झाँसी
6. हे0का0 79 भगवान सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी
7. हे0का0 273 हरेन्द्र थाना बबीना जनपद झाँसी
8. का0 642श्याम प्रताप सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी
9. का0 936 अमित तिवारी थाना रक्सा जनपद झाँसी
10. चालक का0 292 मुकेश जुरैल थाना रक्सा जनपद झाँसी
11. चालक हे0का0286 आशीष थाना बबीना जनपद झाँसी
12. चालक का0 1573 लवकुश पाण्डेय थाना बबीना जनपद झाँसी